1649. वर्ष 2013-14 के अन्त में राजस्थान में प्रति 100 वर्ग किलोमीटर पर सड़कों का घनत्व क्या था-

(a) 57 किमी. (b) 50 किमी.
(c) 60 किमी. (d) 72 किमी.

JEN Mechanical Degree Exam Date : 21.8.2016

Ans. (a) वर्ष 2013-14 के अन्त में राजस्थान में प्रति 100 वर्ग किमी पर सड़कों का घनत्व 57 किमी. था। राजस्थान में सभी सड़कों की कुल लम्बाई 2013-14 में 191,694 किमी. लगभग थी।

1650. राजस्थान में महाराणा प्रताप हवाई अड्डा कहाँ स्थित है?

(a) जयपुर (b) उदयपुर
(c) जोधपुर (d) चित्तौड़गढ़

हाथकरघा निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा -2018

Ans. (b) राजस्थान के उदयपुर हवाई अड्डे का नाम महाराणा प्रताप हवाई अड्डा है, इसे दाबोक हवाई अड्डा भी कहते हैं।

1651. राजस्थान में 'मुख्यमंत्री सड़क योजना' किस वर्ष में लागू की गई?

(a) 1995 (b) 2000
(c) 2005 (d) 2010

हाथकरघा निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा -2018

Ans. (c) मुख्यमंत्री सड़क योजना, राजस्थान राज्य सरकार द्वारा 7 अक्टूबर, 2005 को लागू की गयी थी। जिसका उद्देश्य मुख्य धार्मिक व पर्यटन स्थलों को आपस में सड़कों के द्वारा जोड़ना था।

1652. थार एक्सप्रेस का बाड़मेर जिले में भारतीय अन्तिम रेल स्टेशन है-

(a) पंचपदरा (b) बालोतरा
(c) रामसर (d) मुनाबाव

Complier Exam Date-21.08.2016

Ans. (d) भारत एवं पाकिस्तान के मध्य फरवरी 2006 में थार एक्सप्रेस ट्रेन चलाई गयी। थार एक्सप्रेस का बाड़मेर जिले में भारतीय अंतिम रेल स्टेशन मुनाबाव है जबकि पाकिस्तान में खोखरापार अंतिम स्टेशन है। भारत पाक के बीच चलने वाली थार एक्सप्रेस पुलवामा आतंकी हमले के बाद वर्ष 2019 में बंद कर दी गयी।

1653. राजस्थान में पहला रेल मार्ग प्रारम्भ किया गया था-

(a) देहली से अलवर के मध्य
(b) आगरा फोर्ट से बांदीकुई के मध्य
(c) अहमदाबाद से अजमेर के मध्य
(d) वीना से कोटा के मध्य

अन्वेषक सीधी भर्ती परीक्षा 2019 (27-12-2020)
Complier Exam -21.08.2016
Investigator Exam- 2016

Ans. (b) राजस्थान में पहला रेल मार्ग रेलमार्ग 21 अप्रैल 1874 को आगरा फोर्ट से बांदी कुई के मध्य प्रारंभ किया गया। भारत में प्रथम ट्रेन का संचालन वर्ष 1853 में मुम्बई से थाने के मध्य चलाई गयी।

1654. राजस्थान का वह नगर जहाँ हवाई अड्डा नहीं है, वह है–

(a) उदयपुर (b) कोटा (c) जोधपुर (d) अजमेर

उत्तर–(d) **RPSC RAS/RTS-1993**

व्याख्या–राजस्थान के अजमेर शहर में कोई हवाई अड्डा नहीं है।परन्तु अजमेर जिले के किशनगढ में किशनगढ़ हवाई अड्डा स्थित है।

1655. कौन-सा राष्ट्रीय राजमार्ग राजस्थान के बीकानेर तथा जैसलमेर शहरों से होता हुआ पंजाब से गुजरात जाता है?

(a) NH8 (b) NH10
(c) NH11 (d) NH15

उत्तर – (d)

RPSC RAS/RTS 2003

व्याख्या — राष्ट्रीय राजमार्ग-15(NH-15) राजस्थान से गुजरने वाला सर्वाधिक लम्बा राष्ट्रीय राजमार्ग है। इसकी लम्बाई राज्य में 878 किमी. है। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-15 पठानकोट-भटिंडा-गंगानगर-बीकानेर-जैसलमेर-बाड़मेर तक है

(xv) राजस्थान में पर्यटन उद्योग

1656. राजस्थान में राज्य पर्यटन सलाहकार समिति के अध्यक्ष कौन हैं?

(a) मुख्यमंत्री (b) पर्यटन मंत्री
(c) आयुक्त, पर्यटन विभाग (d) राज्यपाल

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-D

Ans. (a) : राज्य में पर्यटन उद्योग के विकास हेतु राज्य सरकार की ओर से जारी 'राजस्थान पर्यटन नीति 2020' के प्रावधानों के अनुसार मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में राज्य पर्यटन सलाहकार समिति का गठन किया गया है। राज्य सरकार की ओर से इस सम्बन्ध में जारी आदेश के अनुसार, पर्यटन मंत्री इस समिति के उपाध्यक्ष होंगे तथा आयुक्त एवं निदेशक पर्यटन विभाग सदस्य सचिव होंगे।

1657. राजस्थान का कौन सा शहर 'बावड़ियों का शहर' भी कहा जाता है?

(a) बूँदी (b) बाड़मेर
(c) कोटा (d) टोंक

RPSC Prayogshala Sahayak (Vigyan) 28-06-2022

Ans. (a) : राजस्थान के 'बूंदी' शहर को बावड़ियों का शहर कहा जाता है क्योंकि यहां पर कुल 52 ऐतिहासिक बावडी है जबकि पूरे बूंदी जिले में 700 से भी अधिक बावड़ियां है, जिनमें मुख्य है-रानी की बावड़ी, गुलाब बावड़ी, धाबाई जी बावड़ी इत्यादि।

1658. राजस्थान में पर्यटकों का एक प्रमुख आकर्षण पोद्दार की हवेली है, जो स्थित है-

(a) महनसर (b) फतेहपुर
(c) मंडावा (d) नवलगढ़

RPSC Kanishta Abhiyanta (Y.V.) 20-05-2022, Shift-II

Ans. (d) : नवलगढ़ में नाथूराम पोद्दार की हवेली स्थित है। नवलगढ़ (झुंझुनू) शेखावटी की स्वर्ण नगरी के नाम से प्रसिद्ध झूंझनूँ जिले में अनेक हवेलियाँ है।

1659. राजस्थान ईकोटुरिज्म पॉलिसी लागू की गई–

(a) 2021 में (b) 2022 में
(c) 2020 में (d) 2019 में

VDO-2021 Exam date 28-12-21 shift-III
वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 date 06.11.2022 Shift-I